Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

# वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

**प्रेषक,**

सहायक **कुलसचिव,**
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

**पत्रांक:** पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 2022 / 2491
**दिनांक :** 16-11-22

**सेवा में,**

**समस्त प्राचार्य / प्रबंधक,**
सम्बद्ध महाविद्यालय–जौनपुर व गाजीपुर
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

**विषयः** सम्बद्ध महाविद्यालयों का डाटा ABACUS पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

कृपया अवगत कराना है कि उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय एवं समस्त महाविद्यालयों का पंजीकरण कर उनका डाटा ABACUS पोर्टल पर प्राथमिकता के आधार पर अपलोड किया जाना आवश्यक है। इस सन्दर्भ में विश्वविद्यालय के पूर्व पत्र–पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 07–(तीन) / 2022 / 1971 दिनांक 26.08.2022 एवं पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 2022 / 2370 दिनांक 17.10.2022 द्वारा भी महाविद्यालयों को सूचना दी गयी है। इस सम्बन्ध में शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा), के पत्र संख्या–डिग्री अर्थ–1(कम्प्यूटर) / 420 / 2022–23, दिनांक 07.11.2022 द्वारा भी समस्त सूचनाएं दिनांक 25.11.2022 तक सम्बन्धित सूचनाएं पोर्टल पर फीड कराने हेतु निर्देशित किया गया है किन्तु अनेक बार निर्देशित किये जाने के बावजूद महाविद्यालयों द्वारा उक्त डाटा ABACUS पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जा रहा है तथा उक्त कार्य में जानबूझकर शिथिलता एवं लापरवाही बरती जा रही है जो कदापि उचित एवं स्वीकार्य नहीं है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय का पंजीकरण ABACUS पोर्टल पर कराते हुए समस्त वांछित आवश्यक डाटा प्रत्येक दशा में दिनांक 25 नवम्बर 2022 तक अपलोड कराना सुनिश्चित करें अन्यथा कि स्थिति में महाविद्यालय प्रशासन पूर्णतया उत्तरदायी होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा समयान्तर्गत कार्य न पूर्ण करने वाले महाविद्यालयों के विरुद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही कर दी जायेगी।

डाटा आपलोड करने में यदि कोई तकनीकी समस्या हो तो प्रो0 सौरभ पाल, एम0सी0ए0 विभाग, नोडल अधिकारी, ABACUS पोर्टल (मो0न0–9044487708) से सम्पर्क किया जा सकता है।

**भवदीय,**

**सहायक कुलसचिव**

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सकायक कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव महोदय को सूचनार्थ।
3. प्रो0 सौरभ पाल, एम0सी0ए0 विभाग, नोडल अधिकारी, ABACUS पोर्टल विश्वविद्यालय परिसर को सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेब साईट, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाइल।

**सहायक कुलसचिव**